तापमान

अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 23.5 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 14 मई 2025

10 दसवीं, 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित स्कूलों में जश्न



10 कॉमर्स में सृष्टि ने किया टॉप शिक्षकों ने सराहा



## विदेश में नौकरी और दाखिले के नाम पर धोखाधड़ी की वारदातें बढ़ीं

# अमेरिका भेजने के नाम पर कपड़ा व्यापारी से हड़पे 15 लाख रुपये

### कपड़ा व्यापारी अपने भतीजे को भेजना चाहता था अमेरिका

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

कपड़ा व्यापारी जसपाल सिंह से अमेरिका भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये ठग लिए गए। जसपाल सिंह अपने भतीजे इस्तमीत सिंह को अमेरिका भेजना चाहता था।

आरोप सरस्वती नगर में शिव ट्रेडिंग कंपनी के नाम से आढ़त की दुकान करने वाले हाकम सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार




गांव सरस्वती नगर निवासी जसपाल सिंह ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सरस्वती नगर में कपड़े की दुकान है। उसकी पहचान हाकम सिंह नामक व्यक्ति से थी। जिसकी अनाज मंडी सरस्वती नगर में शिव गोरक्ष ट्रेडिंग कंपनी नाम से आढ़त की दुकान है।

दिसंबर 2023 में हाकम सिंह ने बताया कि उसका बेटा अमेरिका में रहता है। यदि वह चाहे तो उसके बेटे को भी अमेरिका भिजवा सकता है। जसपाल ने बताया यह पता लगने पर उसने अपने भतीजे इस्तमीत सिंह को अमेरिका भेजने की इच्छा जताई।

इस्तमीत सिंह को अमेरिका भेजने के नाम पर 28 लाख रुपये में सौदा हुआ। जिसमें 15 लाख एडवांस देने थे और बाकि 13 लाख रुपये वीजा आने पर देना तय हुआ। हाकम सिंह के कहने पर 10 अप्रैल 2024 को हाकम को 15 लाख नकद व भतीजे का पासपोर्ट आदि उसकी दुकान पर जाकर दिया। आरोपी ने उसके भतीजे को जल्द ही अमेरिका भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसके भतीजे को अमेरिका नहीं भेजा। जब परेशान होकर उसने आरोपी से पैसे व पासपोर्ट वापस मांगा तो उसने पैसे व पासपोर्ट देने से मना कर दिया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगे 8.55 लाख

- पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

**यमुनानगर।** रूस के विश्वविद्यालय में बेटी का एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर हरबंसपुरा कॉलोनी निवासी वीना रानी से आठ लाख 55 हजार रुपये ठग लिए गए। जब बेटी से रूस विश्वविद्यालय के काउंसलर ने फीस के पैसे मांगे तो धोखाधड़ी का पता चला।

गांधी नगर थाना पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरबंसपुरा कालोनी निवासी वीना रानी ने बताया कि वह अपनी बेटी को रूस पढ़ाई के लिए भेजना चाहती थी। एक साल पहले उन्हें रसियन एजुकेशन हब चैनल से एक नंबर मिला। इस नंबर पर मोहम्मद दानिश से व्हाट्सएप के माध्यम से बातचीत हुई। आरोपी ने बताया कि वह रूस में रहकर स्नातकोत्तर कर रहा है। आरोपी ने कहा कि वह उसकी बेटी का रूस में एमबीबीएस में दाखिल करा देगा। इसके लिए उसने आठ लाख 55 हजार रुपये का खर्च बताया। उन्होंने बातों में आकर उसको यह रुपये दे दिए। उन्हें बताया गया कि दानिश ने उसकी बेटी का दाखिला उल्यानोव्स्क स्टेट यूनिवर्सिटी रूस में कराया है। इसके बाद आरोपियों ने बेटी का वीजा लगवा दिया। दो दिसंबर 2024 को उसकी बेटी का वीजा जारी हुआ।

## करनाल में 16 को निकाली जाएगी तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा : लाठर



- तिरंगा शौर्य यात्रा के माध्यम से किया जाएगा भारतीय सैनिकों का सम्मान : प्रवीण लाठर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इस ऑपरेशन में पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। ऑपरेशन की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी देशभर में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकालेगी।

इस विषय को लेकर करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि आगामी 16 मई को करनाल लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में करनाल में आपरेशन सिंदूर के बाद अब तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली जाएगी।जिनमें विभिन्न वर्गों से सामाजिक संगठनों सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रतिष्ठित लोग भी शामिल रहेंगे।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह यात्रा सेना,वायु सेना और नौसेना के अद्वितीस पराक्रम के सम्मान में आयोजित की जा रही है और इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से भाजपा देशवासियों को सेना के अदृश्य बलिदान और परिश्रम के बारे में बताएगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के अतिरिक्त पूर्व डिप्टी मेयर नवीन कुमार,जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता,राम भजन वर्मा अध्यक्ष मैढ क्षत्रिय सुनार सभा,कार्यालय प्रमुख मदन गुर्जर,डा राजेश आनंद पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चिकित्सा प्रकोष्ठ मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी बाबू निवासी हुड्डा कॉलोनी सैक्टर-34 घसीटपुर व सुनील उर्फ सुंडी निवासी सौंडा कॉलोनी सैक्टर-10 को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने 1 दिन के रिमांड पर लिया है। कोर्ट रोड के बृज मोहन ने 12 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके मकान से बिजली का सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### युवक की हत्या के दो फरार आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने विद्यानंद कॉलोनी में सैनी कॉलोनी निवासी कृष्णपाल की चाकू से हत्या करने मामले में फरार चल रहे और दो आरोपियों नहीम निवासी भारत नगर नूरवाला व साकिर उर्फ मोटा निवासी बबैल रोड को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने छह साथी आरोपी आजाद उर्फ साडी निवासी उग्राखेड़ी, दीपांशु उर्फ नौरंग निवासी भारत नगर, सोनू उर्फ मोना निवासी धूप सिंह नगर, सावेज उर्फ जावेद निवासी काबुली बाग बेरी वाली मस्जिद, समीर निवासी अशोक विहार कॉलोनी व साहिल निवासी हाली कॉलोनी के साथ मिलकर हत्या कि उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है।

### गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी सचिन निवासी विकास नगर को गिरफ्तार किया। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि सचिन पर नरेश निवासी शांति कालोनी के साथ मारपीट की थी। मारपीट में नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया था, वहीं नरेश की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने मृतक नरेश की पत्नी रितु की शिकायत पर सचिन के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत केस दर्ज किया गया है।

### ट्रैक्टर-बुग्गी की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**पानीपत।** सनौली थाना क्षेत्र के नंगला आर सड़क पर ट्रैक्टर-बुग्गी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार इंसार की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद इंसार का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डिजिटल अरेस्ट के केस में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के मामले में यमुनानगर की प्रोफेसर कॉलोनी के पीयूष गुप्ता व त्यागी गार्डन के लवकेश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपियो से 1 लाख 65 हजार रूपये नकदी व 3 मोबाइल बरामद किए व आरोपियों के खाते में 2 लाख फ्रीज कराए गए है। बिग्गो एप्प के द्वारा आरोपी मुख्य आरोपी से पैसों का लेनदेन करते थे। मामले में अब तक कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 27 लाख रूपये बरामद किए जा चुके हैं। करीब 17 लाख रूपये खातों में फ्रीज करवाए गए हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर की जीत पर केयू में रैली आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रांगण में पहलगाम हमले के जवाब में किए गए आपरेशन सिंदूर की जीत को लेकर बुधवार को प्रातः 10 बजे स्लोगन विजय रैली का आयोजन किया जाएगा।केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी की अध्यक्षता में स्लोगन विजय रैली की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

## गांव थंबड़ के धार्मिक स्थलों में दो जगह हुई चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- दोनों मंदिरों से 15 से 18 हजार रुपये चोरी की बात सामने आई

गांव थंबड़ स्थित गोगा माड़ी और खाटू श्याम मंदिर में एक ही रात में चोरी की दो घटनाओं ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। दोनों मंदिरों से करीब 15 से 18 हजार रुपये नकद चोरी होने की बात सामने आई है।

पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। गोगा माड़ी के सेवादार बीरबल सिंह ने थाना में दी शिकायत में बताया कि सुबह 5 बजे गांव के ही रानू राम सिंह ने उन्हें चोरी की सूचना दी। वह तुरंत गोगा माड़ी पहुंचे, जहां पुजारी जयंत ने बताया कि सुबह 4 बजे मंदिर आने पर उन्होंने देखा कि मंदिर का दरवाजा खुला है और ताले टूटे हुए हैं। अंदर जाकर देखने पर पाया कि दान पात्र का ताला भी टूटा पड़ा था और सारा दान गायब था। बीरबल सिंह ने बताया कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें गांव थंबड़ का शामू को मंदिर का ताला लोहे की रॉड से तोड़ते और फिर दान पात्र से नकदी चुराते हुए साफ देखा जा सकता है। उसी रात गोगा माड़ी के सामने स्थित खाटू श्याम मंदिर में भी इसी प्रकार से चोरी की घटना घटी। शिकायत में यह भी कहा गया है कि घटना के बाद आरोपी शामू अपने घर और गांव से फरार है। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर उसे ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया।

## ग्वालडा गांव में सरपंच-पंचों के बीच विवाद गहराया

- सरपंच पर गांव में हथियारबंद गुंडे बुलाने का लगाया आरोप
- चार पंचों के प्लॉट पंचायती जमीन पर होने का किया था दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव ग्वालडा में सरपंच और पंचों के बीच विवाद गंभीर हो गया। सरपंच ने चार पंचों के प्लॉट पंचायती जमीन पर होने का दावा किया था।

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के सामने निशानदेही की गई। निशानदेही में सभी प्लॉट वैध पाए गए। इसके बाद सरपंच ने 15-



**पानीपत।** गांव ग्वालडा में तैनात पुलिस बल।

20 हथियारबंद व्यक्तियों को बाहर से बुलाया। वे एक पंच के घर में बैठक कर रहे थे। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। उन्होंने घर को घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। स्थिति तब और बिगड़ गई जब एक बाहरी व्यक्ति ने पुलिसकर्मी कंवर भान की गाड़ी से टक्कर मारने की कोशिश की। इधर, पंच मनमीत और अंकित पर चाकू से हमला किया गया। मनमीत के हाथ और अंकित की कमर में चोट आई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

### नारेबाजी की

सरपंच और अन्य आरोपियों को थाना इसराना ले जाया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन और स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। विवाद पंच रिंकू, रमेश, राकेश और प्रमिला के प्लॉटों को लेकर शुरू हुआ था। सरपंच का दावा था कि ये प्लॉट पंचायती जमीन पर हैं, लेकिन निशानदेही में दावा गलत साबित हुआ।

## घर से युवक को बुलाकर ले गए, झगड़े में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिपली में देवीलाल पार्क के समीप लड़ाई-झगड़े में एक युवक संदीप निवासी गांव किशनपुरा की मौत हो गई। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक के भाई प्रदीप कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस शिकायत में प्रदीप कुमार ने बताया कि सोमवार रात्रि उसका भाई संदीप उर्फ सत्ता को उसका दोस्त कमलजीत उर्फ बन्टी पुत्र रमेश चन्द वासी गांव किशनपुरा कुरूक्षेत्र अपने साथ बुलाकर ले गया था। कुछ समय बाद मेरी भाभी ने मेरे भाई संदीप के फोन पर बात की तो किसी अनजान व्यक्ति ने फोन उठाया और बताया कि संदीप उर्फ सत्ता को काफी चोटें लगी है, जिसको हस्पताल भेज रहे है। इसके बाद वह अपने भाई संदीप उर्फ सत्ता को देखने के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरूक्षेत्र पहुंचा तो देखा कि डॉक्टर ने संदीप उर्फ सत्ता को लडाई झगडे में लगी चोटों के कारण मृत घोषित कर दिया है। उसे पता चला है कि उसके भाई की लडाई देवीलाल पार्क के पास राहुल, बजिन्द्र, छप्परी व अन्य 4-5 व्यक्तियों के साथ हुई है। पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केयू के जनसंचार संस्थान में डॉक्यूमेंट्री मेकिंग कार्यशाला आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में एकदिवसीय डॉक्यूमेंट्री मेकिंग कार्यशाला का आयोजन आज होगा।

अस्सिटेंट प्रोफेसर एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अभिनव ने बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री मेंकिग कार्यशाला कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया करेंगे। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीआरएल, के ज्वाइंट डायेक्टर (प्रेस) डॉ. साहिब राम गोदारा उपस्थित होंगे।

## क्रिप्टो करंसी में अधिक लाभ कमाने का लालच देकर ठगे साढ़े सात लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

क्रिप्टो करंसी में पैस लगाकर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर अंबाला रोड नजदीक चावला पैट्रोल पंप निवासी जीत सिंह से साढ़े सात लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप पंचकुला के गांव बडोला कलां निवासी सुखबीर सिंह, जिला कुरूक्षेत्र के गांव रतनगढ़ ककराली निवासी गुरमेल सिंह तथा जिला अंबाला के गांव मुज्जफरा निवासी सोमनाथ पर लगा है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात सुखबीर सिंह,

गुरमेल सिंह व सोमनाथ के साथ हुई। आरोपियों ने उसे क्रिप्टो करंसी में पैसा लगाकर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उसे कहा कि जब उसे पैसों की जरूरत होगी तो उसका सारा पैसा वापस मिल जाएगा। इस दौरान 27 सितंबर 2023 को आरोपियों ने क्रिप्टो करंसी में पैसे लगवाने के नाम पर उससे साढ़े सात लाख रुपये ले दिए। उसने यह पैसे तीन लाख रुपये नकद व बाकि आरटीजीएस के माध्यम से दिए। इस दौरान आरोपी ने उसे 13 जनवरी 2024 को मुनाफे के 17235 रुपये दिए। मगर इसके बाद आरोपियों ने उसे कोई पैसा नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बैंक में सुरक्षा गार्ड की बंदूक से गोली चली ग्राहक घायल

**पानीपत।** जीटी रोड पर स्थित बैंक ऑफ बडौदा की ब्रांच के सुरक्षा कर्मी के कंधे पर लटकी बंदुक का हुक खुल गया और दो नली बंदुक फर्श पर गिर गई, इस दौरान बंदुक से गोली चली जो अंकुर नामक युवक के पैर में जा ली। अंकुर का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

सब इंस्पेक्टर कुलबीर सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया है कि बैंक में सिक्योरिटी गार्ड गेट के पास खड़ा था। वह बंदूक को कंधे पर लटकाने वाला पट्टा ठीक कर रहा था। इसी दौरान पट्टे का एक हुक खुल गया और बंदूक जमीन पर गिर गई और बंदूक से फायर हो गया। वहीं गोली अंकुर के पंजे में लग गई।

## युवाओं को क्षमता का उपयोग करने के लिए सशक्त बनाएं : सचदेवा

# स्टार्टअप और उद्यमिता भविष्य को आकार देगा

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कार्यक्रम की अध्यक्षता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्टार्टअप एवं उद्यमिता विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार है। नवाचार और तकनीकी उन्नति के इस युग में, स्टार्टअप व उद्यमिता भविष्य को आकार देने का एक शक्तिशाली उपकरण बन गया है। दुनिया तेजी से बदल रही है, और भविष्य उन लोगों का है जो लीक से हटकर सोचने, जोखिम लेने और अपने अवसर खुद बनाने के इच्छुक हैं।

युवाओं को अपनी रचनात्मकता, स्टार्टअप, प्रेरणा और अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की क्षमता का उपयोग करने के लिए सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्हें आवश्यक संसाधन, सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करके, हम एक संपन्न अर्थव्यवस्था और उज्ज्वल भविष्य व विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।



यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान विभाग की पूर्व छात्रा सविता और चंद्रशेखर द्वारा स्थापित एक नए स्टार्टअप, आर्गस चिप डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड को अपने स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल करने के लिए आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमें अपने पूर्व छात्रों को नौकरी सृजक और नवप्रवर्तक बनते देखकर गर्व हो रहा है।

कुटिक ऐसी प्रतिभाओं को पोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आर्गस चिप डिजाइन को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शामिल करना हमारे बढ़ते उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमाण है। इस समझौते से नवाचार को बढ़ावा देने, पूर्व छात्रों के उपक्रमों का समर्थन करने और राष्ट्रीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देने की प्रतिबद्धता को बढ़ावा मिलेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. अनुरेखा शर्मा, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. हरदीप आनंद, प्रो. अनिता यादव, प्रो. अश्विनी, डॉ. हरदीप राय, इनक्यूबेशन कंसल्टेंट डॉ. मनोज, पूर्व छात्रा सविता और चंद्रशेखर सहित प्रोजेक्ट एक्शन ग्रुप, प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

### समझौते पर हस्ताक्षर

इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, आर्गस चिप डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड और कुटिक के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस स्टार्टअप के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा सहित उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पूर्व छात्रों को बधाई दी गई और नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## विदेश भेजने के नाम पर व्यक्ति से ठगे दो लाख

- तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज
- पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बेटे को इटली भेजने के नाम पर स्टारी गांव निवासी श्याम लाल से दो लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप संतपुरा गुरुद्वारा के नजदीक स्थित बेगमपुर ऑफिस के संचालक पिंजौर निवासी अमित कुमार, जडौदा निवासी नीटू व गौरव पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गांव स्टारी निवासी श्याम लाल ने बताया कि वह अपने बेटे अभिषेक को विदेश भेजना चाहता था। कुछ माह पहले उसकी मुलाकात पिंजौर निवासी अमित कुमार, जडौदा निवासी नीटू व गौरव से हुई। आरोपी उनके क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर प्रतियोगिताएं कराते थे। आरोपियों ने उन्हें बताया था कि वह युवाओं को विदेश भेजने का भी काम करते है। आरोपियों ने उसके बेटे अभिषेक को विदेश भेजकर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। वह आरोपियों की बातों में आ गए। आरोपियों ने उसके बेटे को इटली भेजकर वहां नौकरी दिलाने की बात कही। इसके लिए साढ़े सात लाख रुपये का खर्च बताया। आरोपियों ने दो लाख रुपये पहले व बाकी बाद में देने की बात तय की। इसके बाद उसने अलग अलग कर आरोपियों को दो लाख रुपये व दस्तावेज जमा करा दिए। लेकिन आरोपियों ने उसके बेटे को इटली नहीं भेजा।जब उन्होंने आरोपियों से अपने रुपये मांगे तो उन्होंने देने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

**खबर संक्षेप**



## मास्टर महिंद्र कुमार ने बच्चों को दी मुफ्त ड्रेस

**इंद्री।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला इंद्री में दाखिला लेने वाले हर बच्चे को स्कूल ड्रेस मुफ्त में देने का वादा निभाते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर महिंद्र कुमार खेड़ा ने 10 बच्चों को वर्दी भेंट की। मास्टर महेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने महसूस किया कि बहुत से बच्चे वर्दी खरीद पाने में असमर्थ है और इस वजह से वह स्कूल में अपने आप को असहज महसूस करते हैं। उन्हें बराबरी का एहसास करने के लिए उनके पास स्कूल ड्रेस का होना नितांत जरूरी है। उन्होंने बताया कि बच्चे मन से बड़े कोमल होते हैं, और वह बराबरी के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन परिस्थितिवश उनकी कोमल भावना को ठेस पहुंचती है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अधिकतर अभिभावकों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति बेहद तंग होने के कारण उसका प्रभाव उनके बच्चों पर पड़ता है और बच्चे अपने आप को उपेक्षित महसूस करते हैं। महिंद्र खेड़ा ने कहा कि इन बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए लोगों दायित्व बनता है कि वह इन बच्चों की मदद करें। बीआरपी रविंद्र शिल्पी, अरुण कैहरबा, देवेंद्र देवा, धर्मवीर लठवाल, सुभाष लाम्बा, नरेश मीत, मानसिंह व नरेंद्र ने अध्यापक महिंद्र खेड़ा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संवेदनशील अध्यापक ही ऐसे कार्यों को अंजाम दे सकते हैं।



## समाधान नहीं हुआ तो हड़ताल को होंगे मजबूर

**इंद्री।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित ई ई एफ आई एंव सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के फैसले के अनुसार यूनियन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत इंद्री सब डिवीजन में राज्य कमेटी के कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता इंद्री सब यूनिट में सब यूनिट प्रधान मनीष कांबोज ने की। संचालन सब यूनिट सचिव संजीव मलिक ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से राज्य के चेयरमैन देवेन्द्र हुड्डा व राज्य उप महासचिव राजेन्द्र राणा ने संबोधित किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए देवेन्द्र हुड्डा व राजेंद्र राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा लगातार कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू की जा रही है।

### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने बारहवीं और सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं का परिणाम किया घोषित

# जिले का ओवरऑल पास प्रतिशत 88.55% रहा जो पिछले वर्ष के 87.99% से 0.56% अधिक

### करनाल के प्रेम नगर का सरकारी स्कूल समाज के लिए एक प्रेरणा है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणामों में करनाल जिले का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। जिले का ओवरऑल पास प्रतिशत 88.55% रहा, जो पिछले वर्ष के 87.99% से 0.56% अधिक है। जिले से कुल 9473 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 8388 ने सफलता प्राप्त की। 890 छात्रों की कंपार्टमेंट आई जबकि 195 छात्र असफल हुए। पूरे हरियाणा में करनाल जिला परिणाम के आधार पर 10वें स्थान पर रहा।

**सीबीएसई परिणाम, 10वी में सुधार 12वी में गिरावट**

सीबीएसई बोर्ड के परिणामों की बात करें तो जिले का 10वीं का परिणाम 92.77% और 12वीं का परिणाम 91.77% रहा। 10वीं में 0.61% सुधार हुआ, जबकि 12वीं के परिणाम में 1.51% की गिरावट देखी गई।

**यशिका को विज्ञान में मिले 80 फीसदी अंक:** प्रेम नगर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने इस बार 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर सबको चौंका दिया। विद्यालय की छात्रा यशिका ने विज्ञान विषय में 80% अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे स्कूल का नाम रोशन किया है। यशिका ने बताया कि स्कूल के शिक्षक विषयों को बार-बार समझाते थे और कभी डांटने के बजाय प्यार से हर बात सिखाते थे। यशिका का सपना नर्स बनने का है और वह अपने इस सपने की ओर आत्मविश्वास से आगे बढ़ रही है।

**सरकारी स्कूल ने फिर रचा इतिहास:** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर ने इस वर्ष 100% परिणाम देकर यह सिद्ध कर दिया कि अगर मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करवाई जाए तो सरकारी स्कूल भी प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ सकते हैं। स्कूल की 90 छात्राओं ने परीक्षा दी और सभी पास हो गईं। छात्राएं आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स तीनों संकायों से थीं।

**स्कूल ने भरी फीस**

इस सरकारी स्कूल की सबसे खास बात यह रही कि आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवारों की छात्राओं को भी बेहतर शिक्षा दी गई। किसी के पिता रिक्शा चलाते हैं, किसी की मां दूसरों के घरों में झाड़ू-पोंछा करती हैं। कुछ छात्राएं ऐसी भी थीं जिनके माता-पिता ही नहीं हैं। इसके बावजूद स्कूल ने उन्हें कमजोर नहीं समझा। फीस न दे पाने पर स्कूल ने खुद उनकी फीस भरी और आत्मविश्वास के साथ कहा कि तुम पढ़ो, मेहनत करो।

**सपनों को मिली उड़ान**

जब परिणाम आया तो खुशी का माहौल दोगुना हो गया। किसी छात्रा को 87% अंक मिले, तो किसी को 80%, लेकिन सभी पास हो गईं। स्कूल में मिठाई बांटी गई और छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई नर्स तो कोई एमबीए करने का सपना देख रहा है। प्रेम नगर का यह सरकारी स्कूल समाज के लिए एक प्रेरणा है कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में भी अगर लगन और समर्पण हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। यशिका जैसी छात्राएं और ऐसे समर्पित शिक्षक समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।




तरावड़ी। श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट के बच्चे जश्न मनाते हुए।

## श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर का 12वीं और 10 वीं परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

■ 12वीं कक्षा में 20 बच्चों ने और 10वीं कक्षा में 17 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई की और से घोषित किए गए 12वीं और 10 वीं के वार्षिक परिणाम में श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी के छात्रों का 100 त्न परिणाम रहा।

विद्यालय निदेशक डॉक्टर राकेश शर्मा व उप प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने बताया कि स्कूल 12वीं और 10 वीं दोनों ही कक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। साइंस स्ट्रीम में गुरसेवक सिंह ने बायोलॉजी व अन्य में 98 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, आदित्य गुलिया ने केमिस्ट्री व अन्य में 92 और अंगद शर्मा ने केमिस्ट्री व अन्य में 95 अंकों के साथ दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। कामर्स स्ट्रीम में अमृत संधू ने अकाउंट्स व अन्य में 85 अंक प्राप्त कर पहला व रिषभ गड़तान ने दूसरा व हर्ष राणा ने तृतीय स्थान हासिल किया। सर्वप्रीत सिंह ने आर्ट में 95त्न अंक लेकर पहला और मोहित प्रजापति दूसरा स्थान हासिल कर अपनी मेधा का परिचय दिया। इसी तरह 10 वीं कक्षा में दिव्यांशु ने अंग्रेजी व अन्य में 94त्न , भूमिका ने सामाजिक ज्ञान में 97 त्न व ऋषभ ने आई टी व अन्य में 91 अंक लेकर टॉप तीन में जगह बनाई।

**स्कूल निर्देशक ने दी बधाई**

12 वीं कक्षा में 20 बच्चों ने और 10वीं कक्षा में 17 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। स्कूल निर्देशक डॉ राकेश शर्मा ने स्कूल प्रधानाचार्य , समस्त स्टाफ , सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों को ब्रह्मर्षि परिवार की ओर से बधाई दी और विद्यालय में छात्रों ने ढोल की थाप पर जमकर इस उत्तम परीक्षा परिणाम के जश्न को मनाया।

## प्रताप स्कूल का परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में बारहवीं कक्षा में विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर बाजी मारी है। सीबीएसई द्वारा बारहवीं कक्षा का परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रताप पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया।

**कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय:** प्रेरणा 97.2 गरिमा 95.6,वरप्रीत - 93.4त, 4.गौरी - 93.2,भूमि - 92.6,नक्षिता - 91.6, कनव - 91.48. खुशी - 90.8, विक्रम - 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**कला संकाय:** नितिन बत्तन - 93.2,**वाणिज्य संकाय:**सिया - 91.8, वंशिका - 90.6, 40 छात्रों 80 अंक प्राप्त किए। 59 छात्रों ने डिस्ट्रक्शन ने प्राप्त की। **पेंटिंग:** 15 छात्रों ने 100त्न अंक प्राप्त किए। और 3 छात्रों ने 99 अंक प्राप्त किए।**बायोलॉजी:** 6 छात्रों ने 90 अंक प्राप्त किए और 11 छात्रों ने 80 अंक प्राप्त किए। **इंग्लिश:** 98 अंक प्राप्त किए। 22 छात्रों ने 90 अंक प्राप्त किए और 53 छात्रों ने 80 अंक प्राप्त किए। **फिजिकल:** 97 अंक प्राप्त किए। 15 छात्रों ने 90 अंक प्राप्त किए और 38 छात्रों ने 80 अंक प्राप्त किए।

**केमिस्ट्री:** 97 अंक प्राप्त किए। छह छात्रों ने 90 अंक प्राप्त किए और 16 छात्रों ने 80 अंक प्राप्त किए। **फिजिक्स:** 95 अंक प्राप्त किए। तीन छात्रों ने 90 अंक प्राप्त किए और 11 छात्रों ने 80 अंक प्राप्त किए। **गणित:** 93 अंक प्राप्त किए। 3 छात्रों ने 90 अंक प्राप्त किए और 10 छात्रों ने 80 अंक प्राप्त किए। **इकोनॉमिक्स:** 93 अंक प्राप्त किए। 2 छात्रों ने 90 अंक प्राप्त किए और नो छात्रों ने 80 अंक प्राप्त किए। **पॉलिटिकल साइंस:** स्कूल के चेयर पर्सन हन्नी चौधरी ने इस अवसर पर छात्रों को बधाई दी एवं निर्देशिका पिथि चौधरी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा जी ने कहा कि आने वाले वर्षों में और बेहतर परिणाम लाने के लिए स्कूल लगातार प्रयासरत रहेगा। विद्यार्थियों व अभिभावकों का मुंह मीठा करवा कर उनको बधाई दी।




## शानदार रहा एसडी सीसै स्कूल करनाल का परीक्षा परिणाम

**करनाल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एस.डी.सी.सै. स्कूल के छात्रों ने 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाकर जिले भर में अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के होनहार विद्यार्थी प्रणव ने 91 प्रतिशत, पंकज ने 90 प्रतिशत अंक तथा जतिन सु० श्री श्रवण ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर बाजी मारी और अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए स्कूल का नाम रोशन किया।

**20 मेरिट तथा 68 प्रथम श्रेणियां**

प्रिंसिपल रेनू गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के छात्रों ने 20 मैरिट तथा 68 प्रथम श्रेणियां प्राप्त की हैं। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान रविन्द्र सिंह भाटिया तथा अन्य सदस्यों ने इन प्रतिभागीशाली विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।।



## चौधरी भरत सिंह स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट,अक्षिता ने 483 अंक लिए

**इंद्री।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौधरी भरत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल जैनपुर साधान का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल में 39 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी सभी विद्यार्थी प्रथम स्थान पर रहकर उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्कूली छात्रा अक्षिता ने विज्ञान संकाय में 500 अंकों में से 483 अंक, हरीप्रिया ने 462 अंक व अंशिका ने 454 अंक हासिल किए है। दिंपाशी ने कला संकाय में 461 अंक हासिल करने में सफलता हासिल की है। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन साहब सिंह डबास व नरेंद्र डबास ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## एसडी बाल मंदिर राम नगर के 8 छात्र मैरिट में पास हुए




हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

एसडी बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल राम नगर का 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें कुल 35 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 8बच्चे मेरिट व 27 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति व प्रधानाचार्य जी ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को बधाई दी।

## दून इंटरनेशनल स्कूल का दसवीं और बारहवीं परिणाम शत प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

■ टॉपर्स में राधिका , जेम्स, लविश अत्री ,कृतिका और स्नेहा शामिल हैं

10वीं और 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में दून इंटरनेशनल स्कूल ने असाधारण कार्य प्रदर्शन करते हुए स्कूल ने 100 प्रतिशत पास प्रतिशत प्राप्त किया, जिसमें एक बड़ी संख्या में छात्रों ने 90 प्रतिशत से ऊपर के अंक प्राप्त किए, जो दून इंटरनेशनल स्कूल को करनाल के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले संस्थानों में शामिल करवाता है।

रस्कूल के वर्ष 2025 के शानेदार टॉपर्स में विज्ञान संकाय की राधिका व जेम्स, वाणिज्य संकाय के लविश अत्री और मानविकी संकाय की कृतिका और स्नेहा शामिल हैं। जिन्होंने क्रमशः 94%, 93%, 89% 88% और 84% अंक प्राप्त किए।

बाकी सभी छात्रों ने 75% और उससे ऊपर अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान हासिल किया। निदेशक कुलजिंद्र मोहन सिंह बाठ व जसकरण सिंह बाठ ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसएमएस मेमोरियल स्कूल का परीक्षा परिणाम देखकर छात्रों के खिले चेहरे

**तरावड़ी।** एसएमएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल में गत वर्ष की भाँति दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम का जश्न मनाया। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण ग्रेवाल ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता पर बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

■ कक्षा दसवी में 20 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में 12 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए

इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। कक्षा दसवी में 20 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में 12 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने में सफल रहे। कक्षा दसवीं में अंश ने प्रथम स्थान, मयंक ने द्वितीय स्थान तथा विभूति ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा 12वीं में 25 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 7 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने में सफल रहे। 12वीं कक्षा में वाणिज्य संकाय में सिया ने प्रथम ,अर्शी द्वितीय , हरजीव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया, जबकि विज्ञान संकाय में, संस्कृति, साइना ,आचल ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपना परचम लहराया। कला संकाय में चेतन व प्रभजोत स्कूल टॉपर बने। कला एवं शिल्प तथा संगीत में विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर स्टाफ वर्ग, अभिभावकों बच्चों को बधाई दी है और कहा कि स्कूल का हमेशा यही प्रयास रहा है कि छात्रों को सर्वांगीण विकास वाली शिक्षा प्रदान की जाए। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## दयाल सिंह स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

■ 166 में से 75% से ऊपर 122 विद्यार्थी और 90% से ऊपर 58 विद्यार्थी रहे

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी करनाल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली और विद्यार्थियों की मेहनत से सफलता की नई ऊँचाइयाँ छू ली हैं। विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें सभी संकायों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

मेडिकल संकाय में अविशी गुप्ता ने 95.6%, सानिया ने 91.2% और मोक्षित चौधरी ने 90.6% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कॉमर्स संकाय में राघव गोयल ने 95.8%, कुशल रावल ने 94.2% और एनाक्षी ने 93.8% अंक हासिल किए। ह्यूमैनिटीज संकाय में लक्ष्य अरोड़ा व आकाश कुमार ने 95.2%, पावनी ने 91.8% और सारिका ने 91.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। नॉन-मेडिकल संकाय में आयुष और सुखमण कौर ने समान रूप से 96.2%, मनन नारंग ने 93.8% और प्रांशु गोयल ने 91% अंक प्राप्त किए।

इसी प्रकार विद्यालय का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी 100% रहा। 166 विद्यार्थियों में से 75% से ऊपर 122 विद्यार्थी और 90% से ऊपर 58 विद्यार्थी रहे। इनमें से कायना ने 97.6% दृष्टि ने 97. 2% कुणाल ने 97 प्रतिशत और मन्नत ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्राचार्य सुषमा देवगन और मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी।

## अंशुल 97.4 के साथ बनीं टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



अंशुल, गायत्री और राघव

■ अंशुल ने संगीत में 100 अंक और अंग्रेज़ी में 99 अंक अर्जित किए

कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, मधुबन ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। कक्षा 12वीं में छात्रा अंशुल ने 97.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अंशुल ने संगीत में 100 अंक और अंग्रेज़ी में 99 अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वहीं विज्ञान संकाय की गायत्री ने 96% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं में राघव ने 94.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनाली ने 94% अंकों के साथ द्वितीय और भारती ने 93.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बाबा राम दास विद्यापीठ में सानवी ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



काम्या, सानवी, तेजस और कुणाल

बाबा राम दास विद्यापीठ कलवेहड़ी के 10वीं और 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। सानवी ने 94.2 प्रतिशत (साइंस), एंजेल ने 91 प्रतिशत (आर्ट्स), तेजस ने 90.6 प्रतिशत (आर्ट्स), निधि ने 89.6 प्रशित (आर्ट्स), तनिषा ने 89.4 प्रतिशत (आर्ट्स) व निहारिका ने 89.4 प्रतिशत (कॉमर्स) प्राप्त किए।

दूसरी ओर 10वीं कक्षा में काम्या ने 98 प्रतिशत, कुणाल अरोड़ा ने 95 प्रतिशत, सिमरण पाल ने 92 प्रतिशत, हिमांशी कांबोज ने 89 प्रतिशत, सिया ने 89 प्रतिशत, हिमांशी शर्मा ने 88.4 प्रतिशत, उदिक्ष शर्मा ने 88 प्रतिशत, प्रथम ने 87 प्रतिशत व चांदनी ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यापीठ के चेयरमैन वैद्य देवेंद्र कुमार बत्रा, मैनेजर साबिया बत्रा और प्रधानाचार्या नीनू चांदना ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद और बधाई दी।

### अधिकारी समस्याओं का तत्काल निवारण करें

## मेयर गुप्ता ने सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

मेयर रेनू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को भी जन सुनवाई की और आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने अपने कार्यालय में आए नागरिकों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारियों को बुलाकर उनकी समस्याओं का निवारण करवाया।

इस दौरान महापौर के समक्ष सम्पत्ति कर आई.डी. में त्रुटि को दुरूस्त करना, सडक़ों के गढ्ढे भरने तथा सीवरेज लाईनो की सफाई करवाने जैसी शिकायतें आई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है।



उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं जैसे सडक़ों को गढ्ढा मुक्त करना, बरसाती नालों की साफ-सफाई तथा स्ट्रीट लाईट को दुरूस्त रखने जैसे कार्य करवाए जाएं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों से भी अपील करते कहा है कि वह भी अपना सामान दुकान की सीमा तक रखें, उसे सडक़ पर न लेकर आएं।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के चार आरोपी पकड़े, की कार्रवाई

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस ने गौरव पुत्र जमनादास निवासी गांव बिहौली के घर में घुसकर मारपीट करने के चार आरोपियों सोनू, अमित, कृष्ण उर्फ केशु व अनिल उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया है। थाना बापौली प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि इस मामले में गौरव की शिकायत पर केस दर्ज है।

### कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने उग्राखेड़ी मोड़ पर मोहम्मद कादिर पुत्र मोहम्मद वाजिद निवासी गांव हतछोया जिला शामली उत्तर प्रदेश को अवैध देसी पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना चांदनी बाग में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज क्रवाया गया है।

### आर्य बाल भारती के 54 छात्रों को मेरिट में स्थान

**पानीपत।** आर्य बाल भारती विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं स्कूल के 54 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। वहीं कॉमर्स की कुमारी गरिमा ने 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, मेडिकल साइंस के कपिल अरोड़ा ने 95.2% तथा आर्ट्स की अक्षिता पाठक ने भी 95.2 और नॉन मेडिकल की कुमारी ज्योति ने 92 प्रतिशत अंक लेकर का नाम रोशन किया है इन सभी छात्रों को आज विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से सम्मानित किया गया है।

### हादसे में मरने वालों की संख्या तीन हुई

**पानीपत।** पानीपत के गांव नवादा पार वाली रोड पर कार की टक्कर में काल का ग्रास बने संतरा और इसका पुत्र संदीप के बाद हादसे में घायल मृतक संदीप की पत्नी आरती की भी मौत हो गई। आरती का अस्पताल में उपचार चल रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद आरती का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं हादसा तीस अप्रैल को हुआ था। इस मामले में सनौली थाना पुलिस में हादसे में घायल अजय की शिकायत पर केस दर्ज है। अजय ने बताया कि संदीप व आरती अपने पीछे दे बच्चे छोड गए है।

### मायके आई विवाहिता लापता, शिकायत दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव छिछड़ाना से विवाहिता संदिग्ध हालात में लापता हो गई। छिछडाना गांव विवाहिता का मायका है। जबकि विवाहिता का विवाह गांव जलालपुर जिला पानीपत में हुआ था। आठ अप्रैल विवाहिता अपनी सुसराल से लापता हो गई थी। पुलिस ने विवाहिता की गुमशुदगी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### मोबाइल चोर पकड़ा मुकदमा दर्ज

**पानीपत।** मालवा एक्सप्रेस में यात्रियों ने मोबाइल चोर फिरोज निवासी घरौंडा जिला पानीपत को रंगे हाथ पकड़ा। यात्रियों ने उसकी खूब पिटाई भी की गई। इतना ही नहीं, उसे ट्रेन के टीटीई को सौंपा गया। टीटीई ने चोर को आरपीएफ पुलिस के हवाले कर दिया। जीआरपी ने आरोपी पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## सीबीएसई 10वीं-12वीं में छाए डीपीएस और हिमगिरी के विधार्थी

# कॉमर्स में संस्कृति ने 98.6 और आर्ट में निधि ने पाए 97.8 प्रतिशत अंक

दिल्ली पब्लिक स्कूल, पानीपत रिफाइनरी का सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट शानदार रहा



पीएनपी। डीपीएस पानीपत रिफाइनरी के प्राचार्य सुरेंद्र पी सचदेवा अपने विद्यार्थियों के साथ केक काटते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दिल्ली पब्लिक स्कूल, पानीपत रिफाइनरी का सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट शानदार रहा। वहीं, कक्षा 10वीं में कुल 147 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 51 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 102 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की गुणवत्ता को उजागर किया। इस परीक्षा में विद्यालय का औसत परिणाम 82.6 प्रतिशत रहा। टॉपर्स में नंदिनी ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मनकीरत सिंह ने 97.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा आर्यमान ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में भी डीपीएस पानीपत रिफाइनरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रिशत परिणाम प्राप्त किया। कुल 81 छात्रों में से 20 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए और 56 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय का औसत परिणाम 83.4 प्रतिशत रहा। टॉपर्स में वाणिज्य संकाय की संस्कृति गगनेजा ने 98.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, कला संकाय की निधि खुल्लर ने 97.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और वाणिज्य संकाय के आर्यन गेरा ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, इस उपलब्धि का सबसे बड़ा श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र पी सचदेवा को जाता है। इधर, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एमएल दहरिया ने विद्यार्थियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



पानीपत। हिमगिरी स्कूल में मेधावी विद्यार्थी अपने टीचर्स के साथ प्रसन्न मुद्रा में।

### रिजल्ट आते ही खुशी से उछले हिमगिरी के छात्र

समालखा। हिमगिरी स्कूल के कक्षा 12वीं की सभी संकायों का परिणाम 98.52 प्रतिशत रहा। जिनमें कला संकाय से दीपेंद्र प्रथम स्थान 94.4 प्रतिशत, आसु द्वितीय स्थान 87.6 प्रतिशत, छवि ने तृतीय स्थान 87 प्रतिशत प्राप्त किया। विज्ञान संकाय से प्रियम प्रथम स्थान 93.8 प्रतिशत, कनिका द्वितीय स्थान 88.4 प्रतिशत, अंजलि झा 88.4 प्रतिशत, अंजलि कुमारी ने 85.8 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से सिमरन प्रथम 83.4 प्रतिशत, सोनिया द्वितीय 82.2 प्रतिशत, तनीषा ने तृतीय स्थान 77.2 प्रतिशत प्राप्त किया। वही दसवीं कक्षा में आकांक्षा प्रथम 91.8%,राधिका राठी द्वितीय 90.8, गुनगुन ने तृतीया 87.2 प्रतिशत स्थान प्राप्त किया।छात्रों ने अपने परिणाम पर खुशी जताई है।सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उनका मनोबल बढ़ाया। स्कूल के मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, चेयरमैन पीआर धीमान प्रधानाचार्य प्रमोद राठी उप प्रधानाचार्य रितु लठवाल एओ रामनिवास और सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मानवता का संदेश लेकर निकले कर्नाटक के नारायण का स्वागत



पानीपत। मानवता का संदेश लेकर पानीपत पहुंचे वीवी नारायण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

किसी ने सच ही कहा है आगे बढने के लिए हौंसले की जरूरत होती है। अगर हिम्मत हे तो कोई भी व्यक्ति कुछ भी बड़ा कर सकता है। बाधाएं, जटिलताएं जरूर आती है लेकिन प्रकृति हमेशा स्वागत करती है। जरूरत है तो बस एक कदम बढाने की। यही एक कदम जीवन को उनई दिशा दे सकता है। यह कहना है मंगलवार को जिला सचिवालय में पहुंचे कर्नाटक के वीवी नारायण का जो एक पैर से विकलांग है लेकिन जज्बा पहाड़ से कम नहीं है। मानवता का संदेश देने को लेकर 18 वर्ष की आयु में घर से निकले नारायण आज 65 वर्ष के हो चुके हैं। जब घर से आम जन को मानवता का संदेश देने के लिए निकले तो जो सफेदी आज है वह नहीं थी। अब तक वे 89 देशों की यात्रा साईकल व बाईक के माध्यम से कर चुके हैं व 20 देशों की यात्रा करने का संकल्प लेकर अपनी जीवन की नैया को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका कहना है हम अंग दान करके दूसरों के जीवन में रोशनी ला सकते हैं। जिला सचिवालय में पहुंचने पर नगराधीश टीनू पोसवाल ने उनका प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत किया व उनका कुशलक्षेम जाना व उनकी यात्रा सुखद रहे ऐसी शुभकामनाएं दी। इधर, वीवी नारायण कहते हैं कि विकलांग होने के बावजूद भी में अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए 65 साल की आयु में भी मोटर चालित ट्राई साइकिल पर सवार होकर आमजन को विकलांग बनने से रोकने के लिए संदेश दे रहा हूं ताकि इस विकलांगता से आम जन को बचा सकूं।

# पानीपत में ऐतिहासिक होगा श्री हनुमंत कथा अमृत उत्सव

- रोजगार मुखी शिक्षा ग्रहण कर युवा आत्मनिर्भर बनें : गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पंडित निर्मल शास्त्री, राज्य मंत्री गौरव गौतम को हनुमंत कथा का निमंत्रण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय श्री राम-नाम जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के पदाधिकारी द्वारा पंडित निर्मल शास्त्री की अध्यक्षता में मंगलवार को पानीपत आईटीआई स्तिथ राज्य मंत्री गौरव गौतम से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका पटका पहनकर सम्मान किया गया और उन्हें पानीपत में सेक्टर 13/17 के हुडा मैदान में आगामी 17 से 19 मई तक आयोजित श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव का निमंत्रण दिया गया। राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हरियाणा के पानीपत की धरती पर कथा करने के लिए कथा व्यास पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज पधार रहे है। उन्होंने कहा कि वह खुद इस कथा में शामिल होंगे और हवन यज्ञ में आहुति डाल महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस दौरान बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के अध्यक्ष सतीश गौतम, पंकज शर्मा, सुमित भारद्वाज सिवाह वाले आदि मौजूद रहे।

### रोग अनुसार भी कर सकते है योग

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा चलाए जा रहे योग शिविरों का मंगलवार को समापन हो गया। शिविर संचालक एवं तहसील प्रभारी बलवान सिंह ने आसनों का अभ्यास कराते हुए बताया कि हमें अपनी दिनचर्या कैसे रखनी चाहिए और रोग अनुसार कौन-कौन से योग और प्राणायाम करने चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक

### तीन लाख एमटी गेहूं की आवक हुई

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। 12 मई तक मंडियों में 299477.7 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई है व 272112.8 मीट्रिक टन की खरीद हुई है और 272518.6 मीट्रिक टन की अब तक लिफ्टिंग हुई है।

# राज्य मंत्री ने किया राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण

- रोजगार मुखी शिक्षा ग्रहण कर युवा आत्मनिर्भर बनें : गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईटीआई विद्यार्थी से बातचीत करते हुए मंत्री गौरव गौतम।

हरियाणा के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को जीटी रोड़ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री गौरव ने कहा कि जो विद्यार्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कौशल का प्रशिक्षण ले रहे हैं उन विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल है। सरकार ऐसी प्रशिक्षण केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कटिबद्ध है। राज्य मंत्री ने औचक निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र की मैकेनिकल वर्कर, ऑटोमोबाइल वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया व विद्यार्थियों से उनके काम और प्रशिक्षण के बारे में जानकारी हासिल की। मंत्री ने कई विद्यार्थियों से प्रशिक्षण केंद्र में पहुंचने का समय भी जाना व उनके प्रशिक्षण के बारे में भी उनसे जानकारी ली। मंत्री ने निरीक्षण करते हुए लड़कियों से इलेक्ट्रिकल विंग के प्रशिक्षण इत्यादि के बारे में भी जानकारी ली। मंत्री ने प्रशिक्षण केंद्र में जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है उनकी जानकारी ली व कहा कि इसमें और विस्तार किया जाएगा व बिल्डिंग का भी जीर्णोद्धार करने का उन्होंने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रशिक्षण केंद्रों का सुधार करना व विद्यार्थियों को अच्छा प्रशिक्षण दिलाना है ताकि वे कौशल में और आगे बढ़ सके।

### परीक्षा परिणाम बेहतर रहा

पानीपत। सर छोटूराम हेरिटेज स्कूल विकास नगर का 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल प्रिंसीपल सुनीता मान ने बताया कि स्कूल से 121 बच्चों ने परीक्षा दी और सभी उत्तीर्ण हुए। वहीं निधि ने 98.4 प्रतिशत अंक से स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कोमल सांगवान ने 97.8 प्रतिशत अंक से दूसरा, सपना ने 95.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### डीएवी का रिजल्ट बेहतर

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परिणाम शानदार रहा। प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने इस उपलब्धि पर बच्चों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने शानदार परिणाम का श्रेय अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की कठिन मेहनत को दिया और कहा जहां बच्चे खेल क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल की छाप छोड़ रहे हैं।

### तीन बेटियों स्कूल में दाखिला करवाया

पानीपत। गरीब परिवार सहायता समिति ने तीन बेटियों जसप्रीत, हरप्रीत व प्रभजीत का स्कूल में अपने खर्च से दाखिला कराया है। परिवार वालों ने समिति के सदस्यों से संपर्क किया और बताया वह अपने बच्चियों को पढ़ाने में असमर्थ हैं। जबकि बच्चियां पढन्ना चाहती हैं। समिति के सदस्य जांच के बाद गुरु राम दास स्कूल पहुंचे और इन तीनों बच्चियों का एडमिशन कक्षा चौथी, सातवीं और दसवीं में करवाया। समिति ने घोषणा की कि अब से उक्त बच्चियों की पढ़ाई का पूरा खर्च वहन करेगी।

### तीन बेटियों स्कूल में दाखिला करवाया

पानीपत। गरीब परिवार सहायता समिति ने तीन बेटियों जसप्रीत, हरप्रीत व प्रभजीत का स्कूल में अपने खर्च से दाखिला कराया है। परिवार वालों ने समिति के सदस्यों से संपर्क किया और बताया वह अपने बच्चियों को पढ़ाने में असमर्थ हैं। जबकि बच्चियां पढन्ना चाहती हैं। समिति के सदस्य जांच के बाद गुरु राम दास स्कूल पहुंचे और इन तीनों बच्चियों का एडमिशन कक्षा चौथी, सातवीं और दसवीं में करवाया। समिति ने घोषणा की कि अब से उक्त बच्चियों की पढ़ाई का पूरा खर्च वहन करेगी।

### कला संकाय में शवेता प्रथम

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल की कला संकाय की शवेता ने 95.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, विज्ञान संकाय से 91.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। अंग्रेजी विषय में शवेता ने 96 अंक, राजनीतिक शास्त्र में शवेता ने 95 अंक हासिल कर नाम रोशन किया।

# अस्पताल में वर्ल्ड नर्सिंग-डे पर केक काट कर नर्सों को सम्मानित किया

- रोगी के लिए मां का स्वरूप होती है नर्स : डॉ दीप्ति
- समारोह में नर्सों के अद्वितीय योगदान को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। किडनी अस्पताल में नर्स डे पर केक काटती हुई डॉ दीप्ति जैन आदि।

पानीपत के किडनी अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन की ओर से नर्सों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी नर्सों के अद्वितीय योगदान को सराहा गया। समारोह की शुरुआत अस्पताल के निदेशक डॉ. मनीषा ने की, जिन्होंने नर्सों के समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इसके बाद केक काटकर नर्सों का सम्मान किया गया। नर्सिंग स्टाफ को प्रमाण पत्र, बैज और प्राइड टू बी ए नर्स के खिताब से सम्मानित किया। इस अवसर पर नर्सिंग हेड पूजा राठी ने कहा कि हमारे लिए यह दिन बहुत खास है। यह हमें हमारे कार्य के प्रति गर्व और प्रेरणा देता है। जबकि डॉ दीप्ति जैन ने कहा कि नर्सें किसी भी अस्पताल की रीढ़ होती हैं। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन की ओर से नर्सों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी नर्सों के अद्वितीय योगदान को सराहा गया।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा निकालेगी तिरंगा यात्रा

**पानीपत।** भाजपा जिला कार्यालय में तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जिला महामंत्री रोशन लाल माहला ने सभी का स्वागत किया। जिला सचिव सुनील कंसल, सुमित जागलान, नेहा शर्मा,डॉ हेमा रमन, चांद भाटिया, श्वेता राजपूत ने भी इस बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के दृष्टिगत एक तिरंगा यात्रा पानीपत से 15 मई की शाम को जिला सचिवालय शहीदी स्मारक से शुरू होगी।

## भाजपा की चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सेल से जुडें सीए

# हरियाणा की तरक्की में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का अहम योगदान: सीएम नायब सैनी

मुख्यमंत्री से मिले, प्रदेश की तरक्की कैसे हो इसके सुझाव दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



मुख्यमंत्री नायब सैनी को फूल भेंट करते हुए भाजपा सीए सेल के सदस्यगण।

हरियाणा भाजपा सीए सेल के संयोजक सीए नितिन बंसल की अगुवाई में हरियाणा सीए सेल के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से उनके संत कबीर कुटिया पर मुलाकात की। वहीं सीएम सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश ने जीएसटी संग्रह में राष्ट्रीय वृद्धि दर को पार करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में उल्लेखनीय रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा द्वारा गत वर्ष की अपेक्षा अप्रैल 2025 में जीएसटी संग्रह में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए देश में चौथा स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर उद्योग विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश, आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रधान सचिव देवेंदर कल्याण, आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त विनय प्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारती और अन्य अनेक विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से जीएसटी की एमनेस्टी स्कीम को वर्ष 2020-21 के लिए लाने, जीएसटी में स्पेशल ऑडिट के एम्पानलमेंट की डेट को बढ़ाने के लिए, जीएसटी रजिस्ट्रेशन और कैंसिलेशनसे संबंधित विभागीय कार्यशैली को और सुदृढ़ करने आदि समेत इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया गया। वहीं प्रतिनिधिमंडल में पानीपत की तरफ से सीए रविंद्र सिंह, सीए जगदीश धमीजा और सीए ध्रुव कक्कड़ ने शिरकत की। सीए ध्रुव कक्कड़ ने हरियाणा में व्यापारियों को भयमुक्त माहौल देकर सबको आगे बढ़ने का मौका देने के लिए पानीपत इंडस्ट्री की तरफ से मुख्यमंत्री सैनी का आभार जताया और पर्यावरण के हित में बापौली जोन पानीपत में कॉमन ईटीपी लगाने का मुद्दा उठाया और उसके लिए सरकार से जमीन और आवश्यक परमिशन देने का आग्रह किया। सीए रविंद्र सिंह ने इंडस्ट्री में बिजली बिल पर लगने वाले मासिक फिक्स्ड चार्जेज को वर्तमान 290 रुपए प्रति केवीए से घटाकर कम करने का सुझाव दिया जिससे उद्योग जगत को राहत मिल सके। सीए जगदीश धमीजा ने बताया कि वर्तमान में सीएलयू के समय एक प्रतिशत लेबर सेस के लिए उद्योग की बिल्डिंग की लागत करीबन 2500 रुपए प्रति फीट का प्रावधान है जो वास्तविक औद्योगिक बिल्डिंग की लागत जो कि करीबन 500-600 रुपए प्रति फीट आती है से बहुत ज्यादा है। इसलिए इस पर पुनर्विचार कर कम करके उद्योग जगत को लाभ देने का सुझाव दिया। साथ ही सीए जगदीश धमीजा ने ओटीएस-टू के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

### न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत

**श्री रनजीत कौर पुत्री स्व. श्री परमजीत सिंह निवासी मकान नम्बर 208, अजिजुल्लापुर, तहसील व जिला पानीपत।**
**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि रनजीत कौर पुत्री स्व. श्री परमजीत सिंह निवासी मकान नम्बर 200, अजिजल्लापुर, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के दादा स्व. श्री बिशन सिंह उर्फ भूषण सिंह पुत्र श्री जीवन सिंह की मृत्यु दिनांक 13.07.1973 को हो चूकि है। व प्रार्थी को परदादी की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है व प्रार्थी की दादी हरनाम कौर की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चूकि है। उनकी मृत्यु उपरान्त एक जाईज वारिस हैं। जिसका विवरण इस प्रकार हैं 1. परमजीत सिंह पुत्र है। यह की प्रार्थी के पिता परमजीत सिंह पुत्र स्व. श्री बिशन सिंह उर्फ भूषण सिंह की मृत्यु दिनांक 28.06.2019 को हो चुकी है व प्रार्थी की माता हरमिन्द्र कौर की मृत्यु दिनांक 03.03.2024 को हो चुकि है। उनकी मृत्यु उपरान्त दो जाईज वारिस है। जिसका विवरण इस प्रकार है :-

1. रनजीत कौर पुत्री, 2. हरजिन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री परमजीत सिंह है। कुल 2 वारीस है।

इनके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 12.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत ।**

### न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत

**श्री देवराज पुत्र लेट श्री शाम लाल निवासी मकान नम्बर 1347, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, नजदीक साई बाबा चौक, सैक्टर 11-12, तहसील व जिला पानीपत।**
**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री देवराज पुत्र लेट श्री शाम लाल निवासी मकान नम्बर 1347, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, नजदीक साई बाबा चौक, सैक्टर 11-12, तहसील व जिला पानीपत का स्थाई निवासी हैं। यह कि प्राथी के पिता लेट श्री शाम लाल पुत्र श्री बिहारी लाल पुत्र श्री धर्मचन्द की मृत्यु दिनांक 17.01.2014 को हो चुकी है। यह कि प्रार्थी की दादी लेट श्रीमति भगवन्ती देवी पत्नी श्री बिहारी लाल पुत्र श्री धर्मचन्द कि मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि लेट श्री शम लाल पुत्र श्री बिहारी लाल पुत्र श्री धर्मचन्द की मृत्यु उपरान्त केवल पांच वारिस हैं :-

1. श्रीमति कृष्णा देवी विधवा 2. देवराज पुत्र 3. संजय कुमार पुत्र 4. कृष्ण लाल पुत्र 5. ललिता पुत्री लेट श्री शाम लाल पुत्र श्री बिहारी लाल पुत्र श्री धर्मचन्द है। इसके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। रवि पटवारी तथा अमित नारंग, नगर निगम पूर्व पार्षद वार्ड नम्बर 16 द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है। इसके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बढ़ाये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

### न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत

**श्री शुभम शर्मा पुत्र लेट श्री सुरेन्द्र शर्मा निवासी मकान नम्बर 33, गोल मार्किट, माडल टाउन, तहसील व जिला पानीपत।**
**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री शुभम शर्मा पुत्र लेट श्री सुरेन्द्र शर्मा निवासी मकान नम्बर 33, गोल मार्किट, माडल टाउन, तहसील व जिला पानीपत का स्थाई निवासी है। यह कि प्राथी के दादा लेट श्री मानक चन्द पुत्र श्री सतपाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 12.03.1987 को हो चुकी है। यह कि प्रार्थी की दादी लेट श्रीमति सुदेश रानी पत्नी श्री मानक चन्द कि मृत्यु दिनांक 22.10.2008 को हो चुकी है। यह कि लेट श्री मानक चन्द पुत्र श्री सतपाल शर्मा की मृत्यु उपरान्त उनके केवल दो वारिस है :-

1. श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र 2. सुषमा पुत्री लेट श्री मानक चन्द पुत्र श्री सतपाल शर्मा है। यह कि उक्त वारसन में से लेट श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र लेट श्री मानक चन्द की मृत्यु दिनांक 05.11.2020 को हो चुकी है। यह कि लेट श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र लेट श्री मानक चन्द की मृत्यु उपरान्त उनके केवल चार वारिस है :-

1. श्रीमति मन्जु शर्मा विधवा 2. भारती शर्मा पुत्री 3. नितिन शर्मा पुत्र 4. शुभम शर्मा पुत्र लेट श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र लेट श्री मानक चन्द है। इसके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। रवि पटवारी, राजकुमार नम्बरदार तथा लोकेश नांगरू, नगर निगम पूर्व पार्षद वार्ड नम्बर 20 द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है। इसके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

# दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित, स्कूलों में जश्न
# डीएवी की काश्वी ने 98.4 फीसदी अंक लेकर मारी बाजी

**बच्चों ने मिठाइयां बांटी**

**पुलिस डीएवी के साहिल ने कॉमर्स संकाय में 98.4 फीसदी अंक हासिल कर किया टॉप, कई छात्रों को गणित में मिले शत-प्रतिशत नंबर**





अंबाला। दसवीं कक्षा में मंगलावर को बाजी मारने वाले डीएवी स्कूल के छात्र और कॉमर्स में टॉप करने वाले साहिल को बधाई देते प्रिंसिपल।




पुलिस डीएवी में परिणाम आने के बाद जश्न मनाते दसवीं व 12वीं कक्षा के छात्र।

### पुलिस डीएवी के विद्यार्थियों ने बाज़ी मारी

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर का बारहवीं कक्षा का परिणाम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शत प्रतिशत व शानदार रहा। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों की सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि इस वर्ष सभी विद्यार्थी अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। 50 बच्चों ने 90% से अधिक अंक लेकर सफलता प्राप्त की। 14 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया। साहिल ने 98.4%अंक लेकर कॉमर्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपांशी ने 96% अंक लेकर हयुमैनिटिस (आर्ट्स) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिया तायल ने 95.8% अंक लेकर नॉन-मैडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिताली शर्मा व कार्तिक ने 94 % अंक लेकर मेडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए बच्चों को, उनके माता-पिता को व उनके अध्यापकों को बहुत-बहुत बधाई दी।



दसवीं में बाजी मारने वाले छात्रा काश्वी।



दसवीं में दूसरे स्थान पर रहने वाले आरव मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीबीएसई की ओर से घोषित दसवीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम के बाद स्कूलों में जश्न का माहौल है। परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को लेकर ज्यादातर स्कूलों में अभिभावकों के साथ शिक्षक भी बेहद खुश दिखे। होनहार छात्रों को स्कूल प्रबंधन की ओर से बधाई भी दी गई। अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुशासित कार्य संस्कृति का परचम लहराते हुए सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं सत्र 2024–25 के परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता प्राप्त की है। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

छात्रा काश्वी ने 98.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरव मित्तल ने 97.6% अंकों के साथ दूसरा और परखी सूरी ने 97.2% अंकों के साथ तीसरा व रिया ने 96.2% प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में भी छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। विज्ञान संकाय (मेडिकल) की मेधावी छात्रा दीया चड्ढा ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया और विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया। मानविकी संकाय की छात्रा मन्नत मट्या ने 96.8% अंक प्राप्त कर सभी का दिल जीत लिया। वाणिज्य संकाय में दीक्षित चावला 95.6% व गणित संकाय (नॉन-मेडिकल) में लक्षित कत्याल ने 95.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में पांच विद्यार्थियों ने इकोनॉमिक्स व संगीत विषय में में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### अंकित ने स्कूल में किया टॉप



अंकित

मुलाना। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 12 वीं कक्षा व सीबीएसई बोर्ड ने मंगलवार को 10 वीं व 12 वीं की परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया। हर बार की तरह इस बार भी कस्बा के कई होनहार विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के कॉमर्स संकाय के मेधावी छात्र अंकित कुमार, सुपुत्र श्री सुरेंद्र कुमार, ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमार पुंडीर ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस के साथ ही एमएम इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने भी बेहतर परिणाम हासिल किया।

### दो विद्यार्थियों को मिले शत प्रतिशत

इस परीक्षाफल में न केवल विद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं बल्कि कक्षा 12वीं में 227 विद्यार्थियों ने व 10 वीं में 166 विद्यार्थियों ने प्रथम डिवीजन प्राप्त कर प्रमाणित कर दिया कि डीएवी की शिक्षा प्रणाली छात्रों के सर्वांगीण विकास में पूर्णतः सक्षम है। जैसे ही परिणाम घोषित हुआ, विद्यालय परिसर में छात्रों एवं अभिभावकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर तरफ़ उल्लास, मिठाइयाँ और बधाइयों का दौर शुरू हो गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गले लगाकर बधाई दी और उनकी मेहनत को सराहा। अभिभावकों की आंखों में गर्व और संतोष साफ़ झलक रहा था। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधारमण सूरी ने इस उपलब्धि पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। डीएवी पब्लिक स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी महत्व देता है और यही कारण है कि यहां का प्रत्येक छात्र सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ता है।

### 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

बराड़ाः हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उगाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 99.3% परिणाम हासिल किया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के प्रिंसिपल जगदीश मेहरा ने बताया कि विद्यालय की आर्ट्स श्रेणी की दीपिका पुत्री जसवीर ने 92.06% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं कॉमर्स संकाय में गुरनैना ने 92.02% अंक अर्जित किए, जबकि साइंस स्ट्रीम में अर्पिता जैन ने 83.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के कुल 29 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता और मेहनती शिक्षकों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विद्यालय प्राचार्य व शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कॉमर्स में कृष्टि ने किया टॉप, शिक्षकों ने सराहा



नारायणगढ़। मेधावी विद्यार्थियों के साथ विद्यालय का स्टॉफ व प्रिंसिपल। *फोटोः हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

न्यू सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगला राजपूतान का 12वीं कक्षा का कला व वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा है।स्कूल के वाणिज्य संकाय में कृष्टि पुत्री रामपाल ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया व आंचल ने 93.22 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान व तनु ने 90.82 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही कला संकाय की बात करें तो निकिता सैनी ने 93.62प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान व ईशा पुत्री रविंद्र शर्मा ने 91.62 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा भावना ने 89.62 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।



निकिता सैनी



आंचल

स्कूल के प्रधानाचार्य कर्म सिंह सैनी ने बताया कि बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया व शेष सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य अमिता सैनी जी , एडवाइजर रेणु -भूषण ने सभी स्टाफ सदस्यों , बच्चों व अभिभावकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### कला संकाय में मुस्कान ने मारी बाजी



मुस्कान



शरणप्रीत कौर



रिषिका

नारायणगढ़। सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों के घोषित परिणाम में पैरामाउंट कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कला संकाय में मुस्कान ने 96.2 प्रतिशत , आर्यन ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विज्ञान संकाय में शरणप्रीत कौर ने 94.4 प्रतिशतः अंक , आरवी बक्शी ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वाणिज्य संकाय में रिषिका राणा ने 93.6 प्रतिशत अंक, यश ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर स्कूल की संचालिका किरण हंस और प्रधानाचार्या सरबजीत कौर ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

### बारहवीं कक्षा में सानवीं बनी टॉपर





नारायणगढ़। बारहवीं की टॉपर सानवी और दसवीं कक्षा की टॉपर जोया। *फोटोः हरिभूमि*

नारायणगढ़। माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय काठेमाजरा में 10वीं एवं 12वीं के परिणाम में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन। सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों का परिणाम घोषित किया गया । जिसमें स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में नॉन मेडिकल से सानवी, कॉमर्स में अंशुल और ह्यूमेनिटीज से निखिल टॉपर रहे। कक्षा दसवीं से जोया 92.8 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान ,आर्यन 91.6 प्रतिशत लेकर दूसरे स्थान, एवं भूमिका 89.8 प्रतिशत लेकर तीसरे स्थान पर रही। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इस उत्कर्ष परिणाम के लिए माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय के प्रबंधन और प्रधानाचार्या ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### छात्र शुभम ने मारी बाजी

नारायणगढ़। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बधोली (14) में 12वीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा जिनमें से 14 छात्र छात्राओं के अंक प्रतिशत 60प्रतिशत से अधिक रहे। चार बच्चों ने 80प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। छात्र शुभम ने सबसे अधिक 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय व गाँव का नाम रोशन किया । द्वितीय स्थान पर नेहा ने 81.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर इंदु ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या कलावती ने व सभी अध्यापकगण ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### खबर संक्षेप

**मारपीट केसः आरोपी जांच में शामिल**

अंबाला। थाना अंबाला सदर में दर्ज मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सचिन को शामिल जांच किया है। गांव औजलों के जसबीर सिंह ने 18 अप्रैल 2025 शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 अप्रैल 2025 को आरोपी सचिन तथा अन्य ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

**चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार**

अंबाला। थाना पंजोखरा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में प्रमोद कुमार निवासी सैक्टर-ए नजदीक शिव मंदिर डिफेंस कॉलोनी ने 29 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अप्रैल 2025 को आरोपी निशांत ने उसकी दुकान में घुसकर गल्ले से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

**कबूतरबाजी में आरोपी गिरफ्तार**

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी कुनाल को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। पीड़ित महिला ने 18 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 जून 2024 से 18 फरवरी 2025 के दौरान आरोपी कुनाल ने उसे व उसके परिवार के सदस्यों को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी की है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## अंबाला छावनी से धूलकोट तक 33केवी लाइन हटी, हजारों लोगों को मिली सुरक्षा

**अंबाला**। मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी के हजारों निवासियों को उनके घरों के ऊपर गुजरती हाईटेंशन 33केवी बिजली लाइन से मुक्ति मिल गई है। इस कार्य के लिए भाजपा के नपा सदस्य संजीव अत्री, सोमनाथ, सतीश धीमान, रितु शर्मा, श्याम सुंदर अरोड़ा, रमन छतवाल, रेणु चौहान, भूपेश शर्मा, गौरव सैनी, मोहित कौशिक, रीना, शिल्पा पासी, भोली बिंद्रा, रश्मि वर्मा के अलावा भाजपा नेता विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, मदनलाल शर्मा, हर्ष बिंद्रा, विकास बहगल, रामबाबू यादव, भरत कोछड़, नरेंद्र राणा, फकीरचंद सैनी, गुरिंद्र सिंह गरनाला, रणधीर सिंह पंजोखरा साहिब, रोशन सिंह बरनाला, ऋषिपाल टुंडली, गुरमीत सिंह, बलवंत टुंडला व स्थानीय लोगों ने ऊर्जा मंत्री द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए करवाए गए इस कार्य के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद जताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अंबाला छावनी 12 क्रास रोड स्थित 33केवी सब-स्टेशन से धूलकोट 220 केवी सब-स्टेशन 20 किमी. लंबी 33केवी लाइन को हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्री अनिल विज के निर्देशों के तुरंत उपरांत इस लाइन में करंट को बंद कर दिया गया था और अब लाइन को उतारने करने का कार्य किया जा रहा है।

### इन कॉलोनियों से हटेगी लाइन



अंबाला। हटाई जा रह लाइन दिखाते भाजपा नपा सदस्य।

पार्षदों ने बताया कि 33 केवी लाइन अशोक नगर, पूजा विहार, करधान, नग्गल, रामपुर, सरसेहड़ी, आजाद नगर, आनंद नगर, दयालबाग व इसके आसपास कई कॉलोनियों, बब्याल, बोह, डिफेंस कालोनी के अलग-अलग सेक्टरों के अलावा डिफेंस कालोनी गुरुद्वारा, शिव मंदिर, सरसेहड़ी, टुंडला, टुंडली, गरनाला व नारायणगढ़ रोड, बलदेव नगर की अलग-अलग कॉलोनियों से होते हुए धूलकोट सब स्टेशन तक हट रही है। इन कॉलोनियों के निवासियों को लाइन हटने से लाभ मिला है। गौरतलब है कि विद्युत विभाग द्वारा 20 किमी. लंबी 33केवी लाइन को डिस्मेंटल करने का काम तेजी से इस समय किया जा रहा है जिसे एक माह में पूरा करने का लक्ष्य है। 33केवी लाइन का लोड अम्बाला छावनी 12 क्रास रोड स्थित 66 केवी सब स्टेशन पर शिफ्ट किया गया है जिससे छावनी को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो रही है। इसी तरह, 20 किमी. लंबी लाइन हटाने के लिए बिजली निगम द्वारा लगभग 200 से ज्यादा लोहे व पीसीसी पोल हटाए जा रहे हैं।

## 12वीं एवं 10वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ। सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में नॉन मेडिकल संकाय से होनहार छात्र इरफान खान पुत्र शबिर मोहम्मद ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में योगेश रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार ने 97.2, उषा पुत्री अनुप सिंह ने 97.0, खुशी पुत्री लक्ष्मण ने 97.0, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 97.0, वंशिका पुत्री हितेश चौहान ने 96.8, साक्षी पुत्री देवेंद्र यादव ने 96.8, खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 96.8, अमृता चौरसिया पुत्री अनिल चौरसिया ने 96.8, आशना पुत्री अनिल कुमार ने 96.4, प्रतिभा पुत्री सुनील कुमार ने 96.0, खुशबू यादव पुत्री मुकेश कुमार ने 95.8, प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया। इसी के साथ कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में छात्र यश अग्रवाल ने 99.0 प्रतिशत अंक साथ विद्यालय में टॉप किया। इसी क्रम में छात्र अंशिका यादव ने 98.6, मानसी ने 98.4, आदि ने 98.4, अर्पित राज पाठक ने 98.2, यशु ने 98.2, हरीश ने 98.2, कार्तिक कुमार ने 97.4, पलक यादव ने 97.2, इशिका श्रीवास्तव ने 97, लक्षिता ने 96.6, रितिका ने 96.6, रजत शर्मा ने 96.4, मोहित यादव ने 96.4, शुभम ने 96.2, अंजलि यादव ने 96, रूपेश नरुका ने 95.8 आदि विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। जैसे ही परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## समस्त समग्र शिक्षा टीम को आचार्य द्रोण बनने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अतिरिक्त उपायुक्त एवं समग्र शिक्षा के अध्यक्ष डॉ ब्रह्मजीत सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा सदन अंबाला में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें खंड संसाधन समन्वयक, खंड संसाधन समन्वयक समावेशी शिक्षा, समस्त बीआरपी, एबीआरसी, स्पेशल टीचर्स , वोकेशनल अध्यापक , आईओएलएम, जेई सहित समग्र शिक्षा की टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में जिला परियोजना समन्वयक ज्योति रानी, उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा, सहायक परियोजना समन्वयक पूजा शर्मा, हरजिंदर ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने समग्र शिक्षा द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रारंभिक बाल्यावस्था संबंधित शिक्षा पाठ्यक्रम, व्यवसायिक शिक्षा, समावेशी शिक्षा, आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन, सिविल वर्क, पीएम विद्यालय इत्यादि विभिन्न घटकों के बारे में पूर्वक चर्चा की। इस समीक्षा बैठक के माध्यम से मुख्य अतिथि द्वारा जहां समस्त समग्र शिक्षा टीम को आचार्य द्रोण बनने का संदेश दिया गया, वही बच्चों में जिज्ञासु प्रवृत्ति के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार एवं समस्त समग्र शिक्षा टीम द्वारा मुख्य अतिथि को पर्यावरण का प्रतीक पौधा भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर एओ भूपिंदर सिंह , एसडीई राहुल भारद्वाज, उप अधीक्षक राजेश कुमार, डीएमएस सुशील अरोड़ा, डीएसएस पूजा भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता पर गांधी सदन ने मारी बाजी



**अंबाला**। डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर के प्रांगण मे व मई को इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराई गई जिसमें चारों सदनों गांधी सदन, दयानन्द सदन, टैगोर सदन और विवेकानंद सदनों के कुल 48 छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गाँधी सदन प्रथम और विवेकानंद सदन द्वितीय स्थान पर रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी जी ने सभी विजेता छात्रों को बधाई दी व सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों से ही व्यक्ति स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। छात्रों को इसी तरह खेलों में भाग लेना चाहिए। खेलों में हार-जीत तो चलती रहती है लेकिन महत्वपूर्ण है खेलना। ये प्रतियोगिता खेल विभाग के सीनियर कोऑर्डिनेटर श्री सुरेश कौल, श्री स्वर्ण कुमार, जगतार सिंह, हर्ष कुमार और श्री वरुण खेल अध्यापकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

## अंत्योदय सरल पोर्टल पर सर्विस उपलब्ध करवाने के जिला अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- प्रदेश में 9.3 की मिली ग्रेडिंग

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि अंत्योदय सरल पोर्टल पर विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित सर्विस को उपलब्ध करवाने के तहत जिला प्रदेश में 9.3 के साथ प्रथम स्थान पर है। उन्होंने विभागों द्वारा क्रियान्वित सर्विस का लाभ समय रहते उपलब्ध करवाने के लिए विभागीय अधिकारियों की भी सराहना की है।

उपायुक्त ने बताया कि लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित सर्विस का लाभ सुगमता से और समयबद्ध तरीके से मिले, इसके तहत अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से आमजन बिजली, पानी, लाइसेंस, आरसी., रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अंतोदय सरल पोर्टल के माध्यम से प्रार्थी ने जिस भी कार्य के लिए आवेदन किया है उस कार्य की वह प्रगति भी जान सकता है। सरकार का ध्येय है कि लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले। आमजन इस पोर्टल के माध्यम से अपने कार्य को करवा रहे हैं। उपायुक्त ने यह भी बताया कि समय-समय पर विभागों की बैठक लेकर अंतोदय सरल पोर्टल के तहत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी व्यक्ति ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से इस पोर्टल पर जाकर उसे सम्बन्धित विभाग से जिस भी कार्य के लिए आवेदन करना है उसकी सम्पूर्ण जानकारी भी मिल जाती है। उन्होंनें बताया कि इस पोर्टल पर 64 विभागों की 938 सेवाएं क्रियान्वित है। एसडीएम भी समय-समय पर अंतोदय सरल पोर्टल के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की समीक्षा भी करते हैं। मकसद आमजन को सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं को सुगमता से उपलब्ध करवाना है।